# रॉ शुगर दो साल के निचले स्तर पर

लंदन ◆ भारी सप्लाई की संभावना के चलते विश्व बाजार में रॉ शुगर के दाम गिरकर दो साल के निचले स्तर के करीब पहुंच गए। अनुमान है कि ब्राजील में बारिश का मौसम होने के कारण गन्ने की आवक में देरी हो सकती है। लेकिन दुनिया के इस सबसे बड़ी चीनी उत्पादक देश में इस साल गन्ने की रिकॉर्ड पेराई होने की संभावना है। इससे चीनी का उत्पादन बढ़ने के आसार हैं। इंटरनेशनल शुगर ऑर्गनाइजेशन के सीनियर इकोनॉमिस्ट लियोनार्डो बिचरा रोशा ने कहा कि दक्षिणी ब्राजील में सामान्य से ज्यादा बारिश हो रही है। इस वजह से गन्ने की कटाई में तेजी नहीं आ रही है। गुरुवार को आईसीई एक्सचेंज में मई डिलीवरी रॉ शुगर के दाम 0.11 सेंट (0.6 फीसदी) गिरकर 17.79 सेंट प्रति पाउंड रह गए। इसके दाम दो साल के न्यूनतम स्तर 17.47 सेंट प्रति पाउंड के करीब पहुंच गए हैं।

बिजनेस भास्कर

12/4/13

✓